चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 25-11-24 | 3 | 7-8 |

# THE TIMES OF INDIA

## Girls outshine boys, bag 71 of 100 prizes at HAU

**Kumar Mukesh** | TNN

**Hisar:** Today, there is no field where girls aren't surpassing boys; in fact, they are proving to be superior in every domain. The upcoming prize distribution ceremony for the BSc agriculture programme, scheduled for Nov 26, at the Haryana Agricultural University, highlights this trend. Out of a total of 100 awards, girls have secured 71 of them.

Prof Sandeep Arya, media advisor to HAU vice-chancellor, said in this programme, a total of 100 rolls of honor will be awarded to students in the BSc four-year degree course being run in the Agriculture College here in the university. Similarly, in the six-year BSc agriculture course, a total of 74 prizes are to be distributed.

This year, 89 girls took admission as compared to 69 boys. Of 717 students enrolled in the BSc agriculture programme across three university colleges in Hisar, Bawal, and Kaul, 364 are girls.

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 25-11-24 | 1 | 1-5 |

दैनिक ट्रिब्यून
आपकी आवाज

# अब खेती-किसानी में भी छा गयी म्हारी छोरियां

## हकृवि में बीएससी एग्रीकल्चर कोर्स के 100 पुरस्कारों में से 71 पर लड़कियों का कब्जा

कुमार मुकेश/हप्र
हिसार, 24 नवंबर

आज ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां पर लड़कियां लड़कों को कड़ी चुनौती नहीं दे रहीं बल्कि कई क्षेत्रों में तो बेहतर भी साबित हो रही हैं। खेती के प्रदेश हरियाणा की बात करें तो इस क्षेत्र में भी छोरियों ने इतनी धाक जमा ली है कि अब छोरों के लिए मुश्किलें खड़ी होने वाली हैं। हालात यह है कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में 26 नवंबर को बीएससी एग्रीकल्चर (कृषि स्नातक) का पुरस्कार वितरण समारोह होना है और कुल 100 पुरस्कारों में से 71 पर लड़कियों ने कब्जा जमा लिया है।

हकृवि कुलपति के मीडिया एडवायज़र प्रोफेसर संदीप आर्य ने बताया कि इस कार्यक्रम में विवि कैंपस स्थित कृषि महाविद्यालय में संचालित हो रहे बीएससी 4 वर्षीय डिग्री कोर्स में विभिन्न वर्गों में विद्यार्थियों को कुल 100 रोल ऑफ ऑनर दिए जाएंगे जिनमें से 71 पुरस्कार छोरियों के नाम हैं। प्रथम पुरस्कारों में 23 म्हारी छोरियां, दस छोरे, द्वितीय पुरस्कारों में 23 छोरियां और नौ छोरे और तृतीय पुरस्कारों में 25 छोरियां और दस छोरे हैं।



हिसार स्थित हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर। -हप्र

हालांकि बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय डिग्री कोर्स में कुल 74 पुरस्कारों दिये जाने हैं जिसमें 35 पर लड़कियों का कब्जा है और 39 पर लड़कों का दबदबा रहेगा। प्रथम स्थान के कुल 25 पुरस्कारों में से 13 लड़कियों को, द्वितीय स्थान के कुल 25 पुरस्कारों में से 11 लड़कियों को और तृतीय स्थान के कुल 24 पुरस्कारों में से 11 लड़कियों के नाम हैं। इस तरह यहां पर भी लड़कियां काफी बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। कुल पुरस्कारों की बात करें तो हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा दिये जा रहे 176 पुरस्कारों में लड़कियों को 106 और लड़कों को 68 पुरस्कार मिलेंगे।

### लड़कियों के लिए स्वच्छ वातावरण, फीस भी माफ : काम्बोज



हकृवि कुलपति प्रोफेसर बीआर काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय में लड़कियों के लिए हर तरह से स्वच्छ वातावरण मुहैया करवाया जा रहा है ताकि वह किसी भी तरह से स्वयं को असुरक्षित महसूस न करें। इसके अलावा यहां पर दाखिला लेने वाली लड़कियों की ट्यूशन फीस भी माफ है। इसी प्रकार लड़कियों को लड़कों की तरह ट्रैक्टर चलाने का प्रशिक्षण व अन्य सभी प्रशिक्षण इस कोर्स के दौरान दिया जाता है और हर प्रशिक्षण की ऐसी व्यवस्था की जाती है कि लड़कियां स्वयं को किसी भी तरह से असहज महसूस ना करें।

### इस बार भी 89 लड़कियों ने लिया दाखिला

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी एग्रीकल्चर में दाखिले के लिए चिकित्सा स्नातक (एमबीबीएस, बीएएमएस, बीडीएस) के लिए राष्ट्रीय पात्रता कम प्रवेश परीक्षा (नीट) की तर्ज पर प्रवेश परीक्षा होती है और सबसे ज्यादा मारामारी हिसार कैंपस के कॉलेज में दाखिला लेने के लिए होती है। इस बार हिसार कैंपस में कुल 158 बच्चों का दाखिला हुआ है जिनमें 69 लड़के और 89 लड़कियां हैं। हालांकि यह पिछले वर्ष के मुकाबले काफी ज्यादा है। वैसे हकृवि के हिसार, बावल व कौल के तीन महाविद्यालयों में इस समय कुल 717 विद्यार्थी बीएससी एग्रीकल्चर डिग्री कोर्स में पढ़ रहे हैं जिनमें से 364 लड़कियां और 249 लड़के हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 25-11-24 | 3 | 1-4 |

**तैयारी** • अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत होगी वार्षिक बैठक

## कृषि में सूत्रकृमियों का महत्व पर वार्षिक समीक्षा बैठक कल से, 24 केंद्रों के वैज्ञानिक लेंगे भाग

भास्कर न्यूज | हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि में सूत्रकृमि पर आधारित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली की परियोजना 'अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना-कृषि में सूत्रकृमियों का महत्त्व', की वार्षिक समीक्षा बैठक 26 से 27 नवंबर 2024 को आयोजित होगी। इस राष्ट्र स्तरीय बैठक में एचएयू के कुलपति प्रो. बलदेव राज कॉम्बोज मुख्य अतिथि जबकि डॉ. पूनम जसरोटिया, अतिरिक्त महानिदेशक, प्लांट प्रोटेक्शन, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, विशिष्ट अतिथि व डॉ. गौतम चावला, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

सूत्रकृमि विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि इस बैठक में देशभर से 24 केंद्रों के सूत्रकृमियों पर कार्यरत वैज्ञानिक हिस्सा लेंगे। इस समीक्षा बैठक में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधिकारियों और विशेषज्ञों की मौजूदगी में प्रयोगात्मक नतीजों और



महत्वपूर्ण उपलब्धियों को प्रस्तुत किया जाएगा। सूत्रकृमि वैज्ञानिक पिछले साल के कार्यों की समीक्षा प्रस्तुत करेंगे। साथ ही अगले वर्ष की कार्य योजनाओं का निर्धारण करेंगे। सब्जियों, फलों तथा दलहनों की फसलों के साथ-साथ संरक्षित खेती में तेजी से बढ़ रहे सूत्रकृमि से संबंधित बीमारियों का अवलोकन किया जाएगा। इस बैठक में सूत्रकृमि प्रबंधन में प्रयोग किए जाने वाले जीव कारकों तथा भारत में पादप सूत्रकृमि से विभिन्न फसलों पर होने वाली हानि और इससे बचाव से संबंधित तरीकों की भी समीक्षा की जाएगी। इस बैठक का आयोजन विवि के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में किया जाएगा।

### एचएयू में मशरूम उत्पादन तकनीक प्रशिक्षण 27 से

**हिसार** | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 27 से 29 नवंबर तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकेंगे।

सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने यह जानकारी दी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 25-11-25 | 5 | 6 |

# कृषि में सूत्रकृमियों का महत्व विषय पर वार्षिक समीक्षा बैठक 26 से



सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की फोटो।

जागरण संवाददाता● हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि में सूत्रकृमि पर आधारित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली की परियोजना अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना - कृषि में सूत्रकृमियों का महत्व की वार्षिक समीक्षा बैठक 26 से 27 नवंबर को होगी।

सूत्रकृमि विभागाध्यक्ष डा. अनिल कुमार ने बताया कि इस बैठक में देशभर से 24 केंद्रों के सूत्रकृमियों पर कार्यरत वैज्ञानिक भाग लेंगे। इस समीक्षा बैठक में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधिकारियों और विशेषज्ञों की मौजूदगी में प्रयोगात्मक नतीजों और महत्वपूर्ण उपलब्धियों को प्रस्तुत किया जाएगा। सूत्रकृमि वैज्ञानिक पिछले साल के कार्यों की समीक्षा प्रस्तुत करेंगे साथ ही अगले वर्ष की कार्य योजनाओं का निर्धारण भी करेंगे। इस बैठक में सूत्रकृमि प्रबंधन में प्रयोग किये जाने वाले जीव कारको तथा भारत में पादप सूत्रकृमि से विभिन्न फसलों पर होने वाली हानि और इससे बचाव से संबंधित तरीको की भी समीक्षा की जाएगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 25-11-24 | 2 | 7-8 |

## हकृवि : कृषि में सूत्रकृमियों का महत्त्व विषय पर समीक्षा बैठक कल से

हिसार, 24 नवम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि में सूत्रकृमि पर आधारित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली की परियोजना 'अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना – कृषि में सूत्रकृमियों का महत्त्व', की वार्षिक समीक्षा बैठक 26 से 27 नवम्बर को आयोजित होगी।

इस राष्ट्र स्तरीय बैठक में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज कम्बोज मुख्य अतिथि जबकि डॉ. पूनम जसरोटिया, अतिरिक्त महानिदेशक, प्लांट प्रोटेक्शन, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, विशिष्ट अतिथि व डॉ. गौतम चावला, प्रोजैक्ट कोऑर्डिनेटर कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगें।

सूत्रकृमि विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि इस बैठक में देशभर से 24 केंद्रों के सूत्रकृमियों पर कार्यरत वैज्ञानिक भाग लेंगे। इस समीक्षा बैठक में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधिकारियों और विशेषज्ञों की मौजूदगी में प्रयोगात्मक नतीजों और महत्वपूर्ण उपलब्धियों को प्रस्तुत किया जाएगा।

सूत्रकृमि वैज्ञानिक पिछले साल के कार्यों की समीक्षा प्रस्तुत करेंगे साथ ही अगले वर्ष की कार्य योजनाओ का निर्धारण भी करेंगे।

सब्जियों, फलो तथा दलहनों की फसलों के साथ साथ संरक्षित खेती में तेजी से बढ़ रहे सूत्रकृमि से संबंधित बीमारियों का भी अवलोकन किया जाएगा।

इस बैठक में सूत्रकृमि प्रबंधन में प्रयोग किए जाने वाले जीव कारको तथा भारत में पादप सूत्रकृमि से विभिन्न फसलों पर होने वाली हानि और इससे बचाव से संबंधित तरीको की भी समीक्षा की जाएगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 25-11-25 | 3 | 5 |

# एचएयू में राष्ट्र स्तरीय बैठक कल से

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में 'अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना-कृषि में सूत्रकृमियों का महत्व, की वार्षिक समीक्षा बैठक 26 व 27 नवंबर को आयोजित होगी।

राष्ट्र स्तरीय बैठक में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज मुख्य अतिथि व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में प्लांट प्रोटेक्शन के अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. पूनम जसरोटिया विशिष्ट अतिथि होंगे। प्रोजेक्ट के को-ऑर्डिनेटर डॉ. गौतम चावला कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

सूत्रकृमि विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि बैठक में 24 केंद्रों के सूत्रकृमियों पर कार्यरत वैज्ञानिक भाग लेंगे। इस दौरान सब्जियों, फलों व दलहनों की फसलों के साथ-साथ संरक्षित खेती में तेजी से बढ़ रहे सूत्रकृमि से संबंधित बीमारियों का अवलोकन किया जाएगा। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 25.11.24 | 5 | 6-8 |

## हकृवि में कृषि में सूत्रकृमियों का महत्व विषय पर राष्ट्र स्तरीय अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की वार्षिक समीक्षा बैठक 26 से

हिसार, 24 नवम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में कृषि में सूत्रकृमि पर आधारित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली की परियोजना 'अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना-कृषि में सूत्रकृमियों का महत्त्व', की वार्षिक समीक्षा बैठक 26 से 27 नवम्बर 2024 को आयोजित होगी। इस राष्ट्र स्तरीय बैठक में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बलदेव राज कम्बोज मुख्य अतिथि जबकि डॉ. पूनम जसरोटिया, अतिरिक्त महानिदेशक, प्लांट प्रोटेक्शन, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, विशिष्ट अतिथि व डॉ गौतम चावला, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगें। सूत्रकृमि विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि इस बैठक में देशभर से 24 केंद्रों के सूत्रकृमियों पर कार्यरत वैज्ञानिक भाग लेंगें। इस समीक्षा बैठक में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधिकारियों और विशेषज्ञों की मौजूदगी में प्रयोगात्मक नतीजों और महत्वपूर्ण उपलब्धियों को प्रस्तुत किया जाएगा। सूत्रकृमि वैज्ञानिक पिछ्ले साल के कार्यो की समीक्षा प्रस्तुत करेंगे साथ ही अगले वर्ष की कार्य योजनाओ का निर्धारण भी करेंगे। सब्जियों, फलो तथा दलहनों की फसलों के साथ-साथ संरक्षित खेती में तेजी से बढ़ रहे सूत्रकृमि से संबंधित बीमारियों का भी अवलोकन किया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 25.11.24 | 12 | 1 |

## परियोजना की वार्षिक समीक्षा बैठक 26 से

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि में सूत्रकृमि पर आधारित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली की परियोजना 'अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना-कृषि में सूत्रकृमियों का महत्त्व', की वार्षिक समीक्षा बैठक 26 व 27 नवंबर को आयोजित होगी। इस राष्ट्र स्तरीय बैठक में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बलदेव राज कम्बोज मुख्य अतिथि होंगे जबकि डॉ. पूनम जसरोटिया, अतिरिक्त महानिदेशक, प्लांट प्रोटेक्शन, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, विशिष्ट अतिथि होंगी। प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ. गौतम चावला कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगें। सूत्रकृमि विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि इस बैठक में देशभर से 24 केंद्रों के सूत्रकृमियों पर कार्यरत वैज्ञानिक भाग लेंगें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक ट्रिब्यून | 25.11.24 | 8 | 7-8 |

## सूत्रकृमि अनुसंधान पर वार्षिक बैठक कल से

**हिसार (हप्र) :** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 26-27 नवंबर को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की परियोजना 'सूत्रकृमियों का महत्व' पर वार्षिक बैठक होगी। इस बैठक के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. बलदेव राज कंबोज होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि डॉ. पूनम जसरोटिया होंगी। सूत्रकृमि विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि इसमें 25 केंद्रों के वैज्ञानिक अपने शोध नतीजे और उपलब्धियां प्रस्तुत करेंगे। बैठक में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधिकारी और विशेषज्ञ भाग लेंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 25.11.24 | 5 | 1-3 |

# एचएयू में तीन दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक प्रशिक्षण 27 से शुरू

## प्रशिक्षण में प्रवेश पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर मिलेगा



सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान।

हिसार, 24 नवम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 27 से 29 नवम्बर तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकेंगे। सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ाजड़ी मशरूम इत्यादि पर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करना, मार्केटिंग एवं लाइसेंसिंग, मशरूम में मशीनीकरण, विभिन्न मशरूम का बीज तैयार करना, मौसमी और वातानुकूलित नियंत्रण में विभिन्न मशरूम को उगाने, मशरूम की जैविक और अजैविक समस्याएं और उनके निदान पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। यह प्रशिक्षण निशुल्क होगा। प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। इच्छुक युवक व युवतियां पंजीकरण के लिए सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में 27 नवम्बर को ही सुबह 9 बजे आकर अपना पंजीकरण करवाकर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण का समय सुबह 9 से 4:30 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि यह संस्थान विश्वविद्यालय के गेट नंबर-3, लुदास रोड पर स्थित है। प्रशिक्षण में प्रवेश पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा पंजीकरण के लिए उम्मीदवार एक फोटो व आधार कार्ड की फोटोकॉपी साथ लेकर आएं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 25-11-24 | 5 | 5 |

## एचएयू में मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर प्रशिक्षण 27 से

जासं • हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 27 से 29 नवंबर तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकेंगे। यह प्रशिक्षण निशुल्क होगा। संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डा. अशोक गोदारा ने बताया कि मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ाजड़ी मशरूम इत्यादि पर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करना, मार्केटिंग एवं लाइसेंसिंग, मशरूम में मशीनीकरण, विभिन्न मशरूम का बीज तैयार करना आदि पर चर्चा की जाएगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 25-11-24 | 2 | 1 |

## मशरूम उत्पादन तकनीक प्रशिक्षण 27 से

हिसार, 24 नवम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 27 से 29 नवम्बर तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकेंगे।

सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ाजड़ी मशरूम इत्यादि पर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। यह प्रशिक्षण निशुल्क होगा। प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 25-11-24 | 8 | 7-8 |

# मशरूम उत्पादन तकनीक का प्रशिक्षण 27 से

**हिसार (हप्र) :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा 27 से 29 नवंबर तक मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। सह-निदेशक डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि इसमें सफेद बटन, ओयस्टर, दूधिया, शीटाके और कीड़ाजड़ी मशरूम पर जानकारी दी जाएगी। साथ ही, मशरूम उत्पादों की मार्केटिंग, बीज उत्पादन, मशीनीकरण और समस्याओं के समाधान पर चर्चा होगी। प्रशिक्षण सुबह 9 से शाम 4:30 बजे तक चलेगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 25-11-24 | 11 | 2-3 |

## एचएयू में तीन दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक प्रशिक्षण 27 से

■ **प्रशिक्षण में प्रवेश पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर मिलेगा**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार**

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 27 से 29 नवम्बर तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकेंगे। सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ाजड़ी मशरूम इत्यादि पर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करना, मार्केटिंग एवं लाइसेंसिंग, मशरूम में मशीनीकरण, विभिन्न मशरूम का



बीज तैयार करना, मौसमी और वातानुकूलित नियंत्रण में विभिन्न मशरूम को उगाने, मशरूम की जैविक और अजैविक समस्याएं और उनके निदान पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। यह प्रशिक्षण निशुल्क होगा। प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। इच्छुक युवक व युवतियां पंजीकरण के लिए सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में 27 नवम्बर को ही सुबह 9 बजे आकर अपना पंजीकरण करवाकर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण का समय सुबह 9 से 4:30 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि यह संस्थान विश्वविद्यालय के गेट नंबर-3, लुदास रोड पर स्थित है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 25-11-24 | 3 | 8 |

# एचएयू में मशरूम उत्पादन तकनीक प्रशिक्षण 27 नवंबर से

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 27 से 29 नवंबर तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण में प्रवेश पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा।

संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण शिविर में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ा जड़ी मशरूम की संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। 27 नवंबर को सुबह 9 बजे पंजीकरण करवाकर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 24.11.2024 | -- | -- |


# एचएयू में तीन दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक प्रशिक्षण 27 से

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 27 से 29 नवम्बर तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकेंगे।

सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ाजड़ी मशरूम इत्यादि पर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करना, मार्केटिंग एवं लाइसेंसिंग, मशरूम में मशीनीकरण, विभिन्न मशरूम का बीज तैयार करना, मौसमी और वातानुकूलित नियंत्रण में विभिन्न मशरूम को उगाने, मशरूम की जैविक और अजैविक समस्याएं और उनके निदान पर चर्चा की जाएगी।

यह प्रशिक्षण निशुल्क होगा। प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। इच्छुक युवक व युवतियां पंजीकरण के लिए सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में 27 नवम्बर को ही सुबह 9 बजे आकर अपना पंजीकरण करवाकर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण का समय सुबह 9 से 4:30 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि यह संस्थान विश्वविद्यालय के गेट नंबर-3, लुदास रोड पर स्थित है।

## हकृवि में कृषि में सूत्रकृमियों का महत्व विषय पर वार्षिक समीक्षा बैठक 26 से

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि में सूत्रकृमि पर आधारित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली की परियोजना 'अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना - कृषि में सूत्रकृमियों का महत्व', की वार्षिक समीक्षा बैठक 26 आयोजित होगी। इस राष्ट्र स्तरीय बैठक में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बलदेव राज कम्बोज मुख्य अतिथि जबकि डॉ पूनम जसरोटिया, अतिरिक्त महानिदेशक, प्लांट प्रोटेक्शन उपस्थित रहेंगे।